**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5193**
**उत्तर देने की तारीख 02 अप्रैल, 2025**

## इंटरनेट से जुड़े गांव

**5193. श्री संजय हरिभाऊ जाधवः**
**श्री संजय उत्तमराव देशमुखः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के सभी गांवों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए युद्धस्तर पर क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) महाराष्ट्र में विशेषकर परभणी और वाशिम-यवतमाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में विगत पांच वर्षों के दौरान इंटरनेट सेवाओं से जुड़े गांवों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा से वंचित गांवों की संख्या कितनी है तथा तत्संबंधी कारण क्या हैं;
(घ) इंटरनेट से जोड़े गए गांवों की संख्या और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) देश के प्रत्येक गांव में कब तक इंटरनेट कनेक्टिविटी मिल जाने की संभावना है;
(च) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, विशेषकर परभणी निर्वाचन क्षेत्र में उक्त प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा आवंटित/जारी/उपयोग की गई निधियों और प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और
(छ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान डिजिटल साक्षरता में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा आवंटित निधियों और प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ड.) सरकार देश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावर लगाकर इंटरनेट कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि के तहत 4जी सेचुरेशन परियोजना सहित विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित कर रही है। इसके अलावा, सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में

और मांग के आधार पर गांवों में वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन आदि जैसी ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है।

दिसंबर,2024 तक की स्थिति के अनुसार, देश के 6,44,131 गांवों (गांवों के आँकड़े भारत के महारजिस्ट्रार के अनुसार) में से, लगभग 6,25,853 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है जिनमें 4जी मोबाइल कवरेज वाले 6,18,968 गांव शामिल हैं। महाराष्ट्र में, 43931 गांवों में से , 41570 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है, जिनमें से 40,703 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज उपलब्ध है। परभणी, वाशिम और यवतमाल जिलों के 3752 गांवों में से, 3697 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है, जिनमें से 3601 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज उपलब्ध है।

(च) महाराष्ट्र के लिए पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) और चालू वर्ष 2024-25 (दिनांक 31.01.2025 तक) के दौरान विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत 3187.83 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई/जारी की गई/उपयोग की गई है।

(छ) देश भर में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) के तहत पिछले 3 वर्षों में कुल 715.92 करोड़ रुपये जारी किए गए।

*****